दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका    संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916    सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 12 | अंक 321 | छतरपुर, शनिवार 22 जून 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# जिले भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर निरोग रहने का फैला संदेश

## योगाचार्यों ने कराया जल योग, ग्रामीण क्षेत्रों में भी दी गई योग की शिक्षा





*छतरपुर। शुक्रवार को विश्व योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित संपूर्ण जिले में जगह-जगह योगा के कार्यक्रम आयोजित हुए। शहर के प्रताप सागर तालाब में योगाचार्यों द्वारा जलयोग कराया गया, वहीं पर्यटन नगरी खजुराहो में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम हुआ। इसके अलावा जिले के अन्य शहरों, कस्बों और ग्रामीण अंचलों में लोगों ने योगाभ्यास किया। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह बॉबीराजा के नेतृत्व में रविशंकर पार्क में योगाभ्यास कराया गया।*

विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पश्चिमी मंदिर समूह कंदारिया महादेव मंदिर प्रांगण में बृहद योगा कार्यक्रम वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुआ। योगाभ्यास में लगभग 1500 से अधिक लोग शामिल हुए। इस दौरान श्रीअन्न संवर्धन अभियान का भी शुभारंभ हुआ। साथ ही वर्चुअली देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन को सुना गया। वहीं मुख्यमंत्री निवास, भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय योगाभ्यास के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। खजुराहो में योगाभ्यास के पूर्व वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने अपना उद्बोधन देते हुए योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया, नगरपालिका अध्यक्ष छतरपुर ज्योति चौरसिया, नगर परिषद खजुराहो अध्यक्ष अरुण अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम उपस्थित थे। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर संदीप जी. आर., जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एसपी अगम जैन, एडीएम मिलिंद नागदेवे सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

## योगाचार्यों ने किया जल योगा



जिला मुख्यालय के प्रताप सागर तालाब में शहर के वरिष्ठ योगाचार्य सुभत जैन और पंचवटी योगाश्रम के योगी गिरीश की मौजूदगी में लोगों ने जलयोगा किया। जलयोगा कराने के बाद योगाचार्यों ने उपस्थित लोगों को योग का महत्व बताया और कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग करना अतिआवश्यक है। वरिष्ठ योगाचार्य सुभत जैन ने बताया कि वे पिछले 5 दशक से देश भर में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को योग के प्रति जागरुक कर रहे हैं। वहीं पंचवटी योगाश्रम के योगी गिरीश ने जलयोगा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज प्रताप सागर तालाब में पद्मासन, तालासन, मद्रासन और मत्स्यासन किया गया, जिसके बहुत सारे लाभ हैं। उन्होंने बताया कि इन योगक्रियाओं से हमारा शरीर पत्ति प्रकोप सहित विभिन्न बीमारियों से मुक्त होता है, साथ ही इससे शरीर की गर्मी नष्ट होती है और हमारा मस्तिष्क ठंडा रहता है। इस अवसर पर प्रताप नवयुवक संघ के प्रदीप सेन, जन अभियान परिषद के सदस्य मौजूद रहे।

## रोग पर घातक प्रहार करता है योग

### बागेश्वर धाम में दुबई के योगाचार्यों ने दिया योग से स्वस्थ्य रहने का संदेश

छतरपुर। लाखों लोगों की आस्था के केन्द्र बागेश्वर धाम में दुबई स्थित मेटा योग सेंटर की डायरेक्टर अपने तीन सदस्यीय साथियों के साथ योग से रोग भगाने का संदेश देने आयीं। योगिनी रेखा अग्रवाल, ऋचा शर्मा एवं कल्पना शर्मा ने योग के विभिन्न आसनों के साथ-साथ थैरेपी की भी जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव डॉ. जेपी मिश्रा, धाम के मुख्य पुजारी प्रदीप तिवारी, आयोजन प्रभारी मनोज त्रिवेदी एवं अवंतीबाई डिग्री कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती दीप्ती मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। अवंतीबाई ग्रुप द्वारा संचालित लॉ कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज के विद्यार्थी इस शिविर में विशेष रूप से शामिल हुए। अवंतीबाई ग्रुप के डायरेक्टर अशोक दीक्षित के मार्गदर्शन में उनके विभिन्न संस्थानों के बच्चों को योग की शिक्षा प्रदान करने का अवसर मिला। पिछले 7 वर्षों से दुबई में योग केन्द्र संचालित करने वाली रेखा अग्रवाल ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराते हुए कहा कि दुनिया ने योग की शक्ति को देखा है। आज विश्वभर में लोग योग कर स्वयं और आसपास के समाज को स्वस्थ बना रहे हैं। वजन कम करना, घुटनों का दर्द ठीक करना, शुगर नियंत्रित करने जैसे अक्सर होने वाले रोगों से निदान के बारे में योग शिक्षकों ने जानकारी दी। करीब डेढ़ घंटे तक चले इस अद्भुत कार्यक्रम का बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ लिया। बागेश्वर धाम परिवार की ओर से अभिलाष पटेल, प्रशांत शुक्ला, पं. अंगद एवं राजपाल का विशेष सहयोग रहा। वहीं पं. देवप्रभाकर शास्त्री कॉलेज के उपप्राचार्य संदीप शर्मा, नर्सिंग कॉलेज की प्रभा चौरसिया, डॉ. अतुल तिवारी, नीरज माफीदार, राजकुमार साहू ने अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर मेटा सेंटर की ओर से प्रमाण पत्र बांटे गए। वहीं बागेश्वर धाम की ओर से शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने बालाजी के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया।




## बुंदेलखण्ड गौशाला में हो रहे उत्खनन से मजदूर की मौत

छतरपुर। नौगांव थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित बुंदेलखण्ड गौशाला में आज शुक्रवार को एक मजदूर की ट्रेक्टर में दब जाने से मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने गौशाला समिति के अध्यक्ष पर युवक की हत्या कर उसे दुर्घटना का रूप देने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि वे नयागांव के रहने वाले हैं। उनका भाई ट्रेक्टर से मुरम ढोने का काम करता था। बुंदेलखण्ड गौशाला में पिछले कई वर्षों से अवैध उत्खनन चल रहा है मेरा भाई भी वहां मुरम भरने गया था जहां जेसीबी से ट्राली में मुरम भरी गयी और जब मेरा भाई ट्रेक्टर आगे बढ़ाने लगा तो वह पलट गया लेकिन इस घटना के बाद उसे बचाने की बजाए जेसीबी वाले वहां से भाग गये। मृतक के परिजनों ने गौशाला अध्यक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाया है। अब देखना यह है कि पुलिस जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बक्सवाहा- नगर के निजी विद्यालय एस. पी. के. जैन मेमोरियल स्कूल में अर्हम सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के संयोजकत्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन नगर के वयोवृद्ध समाजसेवी डॉ. जीवन कुमार जी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष



प्रतिनिधि श्री बृजगोपाल सोनी जी के मुख्यातिथ्य में एवं अंतरप्पा इंजी. श्री रजत जी पिपरिया एवं अंतरप्पा सु. श्री लाभांशी जैन जबलपुर के निर्देशन में हुआ। संस्था के संचालक प्रधानाध्यापक दिलीप मलैया ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून 2024 को प्रात: 05-30 पर विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की वंदना से हुआ। संस्था के शिक्षकों द्वारा सम्मानीय अतिथियों का स्वागत तिलक, श्रीफल एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया। मुख्य कार्यक्रम में प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाते हुए उनसे होने वाले लाभ बताये। प्रशिक्षकों द्वारा पंच ध्यान मुद्राएं, प्राणायाम, विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया एवं योग को प्रतिदिन कर स्वस्थ रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षक द्वय श्री रजत जी एवं लाभांशी जी का विद्यालय की ओर से शाल, श्रीफल, स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कु. देवांशी जैन ने किया। अंत में संस्था के प्रधानाध्यापक दिलीप मलैया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## शासकीय हाई स्कूल बारौं में किया गया योग दिवस का आयोजन

**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा ।। आज 21 जून 2024 को संस्था शासकीय हाई स्कूल बारौं मैं 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ इस कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम के सरपंच ,नन्हे भाई राय व संस्था के प्राचार्य एस के खरे ने मां सरस्वती के पूजन के साथ किया । इस कार्यक्रम में संस्था के छात्र-छात्राओं के साथ समस्त स्टाफ, श्री राम प्रसाद प्रजापति ग्राम रोजगार सहायक एवं अनेक अभिभावकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के वरिष्ठ शिक्षक एवं योग प्रशिक्षक जी. सिंह ने किया। कार्यक्रम में सभी ने माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के संदेश को सुना। इस अवसर पर सभी ने योग को अपने जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया।




## योग से होते हैं तन, और मन, स्वस्थ- एड. नीरज शुक्ला

परिहार गर्जना न्यूज। लवकुशनगर, विश्व योग दिवस के अवसर पर जहां पूरे देश में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए वही मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था श्री हरिहर गौशाला समिति, ऋषिकुल आश्रम, श्री रघुनाथ फाउंडेशन, एसीटीएल संस्थाओं द्वारा लवकुशनगर में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य योग शिक्षक के रूप में उपस्थित एडवोकेट नीरज शुक्ला ने कहा कि योग तन और मन दोनों को स्वस्थ करता है इसलिए हमें योग प्रतिदिन करना चाहिए, इस दौरान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अनिल निगम ने कहा कि योग हमारी दिनचर्या में शामिल होना चाहिए वहीं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. शिवपूजन अवस्थी ने कहा कि योग से ध्यान के द्वारा खुलते हैं अच्छा योगी ही अच्छा साधक बन सकता है। इस अवसर पर संस्था वॉलिंटियर्स, टीया बाजपेई, सिम्मी अवस्थी, रानू बागरी, पुष्पांजलि त्रिवेदी, देवेंद्र कुमार, अनादी प्रकाश, रविंद्र कुमार सहित दो दर्जन से अधिक लोग उपस्थित है।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग करके बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरुकता समिति रजि उत्तर प्रदेश ने योग प्रकोष्ठ का किया गठन

## महिला योग प्रकोष्ठ का गठन सर्वप्रथम पारुल शर्मा को बनाया गया अध्यक्ष





**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा अंतर्राष्ट्रीय 10 वें योग दिवस के उपलक्ष्य में ब्रज यातायात व पर्यावरण जनजागरूकता समिति परिवार ने रीजेंसी गार्डन बीएसए कॉलेज के सामने मथुरा पार्क में योग शिविर का आयोजन किया । स्वस्थ राष्ट्रीय के निर्माण में अहम भूमिका निभाते आज योग दिवस पर महिला योग प्रकोष्ठ का किया गठन जिसमें सर्वप्रथम महिला प्रदेश अध्यक्ष श्वेता शर्मा ने महिला योग प्रकोष्ठ अध्यक्ष पारुल शर्मा को बनाया गया । ब्रज यातायात व पर्यावरण जनजागरूकता समिति की महिला योग प्रकोष्ठ अध्यक्ष पारुल शर्मा योग शिविर का सफल संचालन किया, जिसमें स्थानीय बच्चों, महिलाओं व वृद्धजनों ने उत्साह के साथ भाग लिया ।इस अवसर पर समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा कि ज़ब देश के बच्चे व महिलाएं स्वस्थ होंगे तभी स्वस्थ भारत का निर्माण सम्भव है ।महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती श्वेता शर्मा ने महिला योग प्रकोष्ठ टीम की सफल संचालन के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी को योग का नियमित अभ्यास करना होगा तभी राष्ट्रीय सशक्त व मजबूत बनेगा ।नवनियुक्त महिला योगा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पारुल शर्मा ने कहा कि ज़ब महिलाएं किसी कार्य का बीड़ा उठाती हैं तो सफलता शत प्रतिशत प्राप्त होती है टीम के साथ इस योग शिविर को आगे भी जारी रखने का निर्णय लिया है । योग शिविर में वंदना सक्सेना पुलका रावत, शिवानी चौधरी संतोष गर्ग के साथ स्थानीय महिलाएं और बच्चे रहे शामिल ।

# Kalki 2898 AD: भव्य आयोजन के लिए भारत के सबसे बड़े सितारे अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी आए एक साथ

परिहार गर्जना न्यूज। मुंबई साल की बहुप्रतीक्षित महान कला कल्कि 2898 एडी अपनी रिलीज से बस कुछ ही दिन दूर है। बढ़ते उत्साह को देखते हुए, इस फिल्म ने 19 जून को मुंबई में एक भव्य समारोह का आयोजन किया, जो वास्तव में इसके इर्द-गिर्द फैली चर्चा पर खरा उतरा।

इस स्टार-स्टडेड इवेंट में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास और दीपिका पादुकोण जैसे दिग्गज और दिग्गज कलाकारों सहित एक पैन इंडिया कलाकार शामिल हुए। निर्माता सी. अश्विनी दत्त, स्वप्ना दत्त और प्रियंका दत्त भी मौजूद थे, जिन्होंने शाम की रौनक बढ़ा दी। रात का मुख्य आकर्षण ऐसे असाधारण कलाकारों का एक साथ आना था। प्रत्येक स्टार ने इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के बारे में अपने अनुभव और उत्साह को साझा किया, जिससे फैंस के बीच उत्सुकता और बढ़ गई। निर्माता सी. अश्वनी दत्त ने कल्कि 2898 एडी को मिले जबरदस्त समर्थन और उत्साह के लिए दिल से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मौजूद उन्होंने कहा, यहां अमिताभ जी, कमल हासन, प्रभास और दीपिका हैं। चार लोग यहां हैं और आप सभी लोग आए। मैं इसके लिए बहुत खुश हूं और उनकी शानदार सफलता की कामना करता हूं।




कार्यक्रम में मौजूद सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने इस महान कला में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात कीऔर उन्होंने कहा, इस प्रोजेक्ट पर काम करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। ऐसे सेटअप में काम करना, जहाँ उन्होंने हमसे कहीं आगे बढ़कर काम किया है, जो हम में से ज़्यादातर लोग इस फ़िल्म इंडस्ट्री में अपनी ज़िंदगी भर करते आए हैं। और मैं वाकई उनकी सराहना करता हूँ कि वे समय से थोड़ा आगे बढ़ रहे हैं और हमें इसका हिस्सा बना रहे हैं, ऐसी परिस्थितियों में काम कर रहे हैं, जिनके बारे में हमने कभी नहीं सोचा था कि हम काम कर पाएँगे। मैं नाग अश्विन और प्रोडक्शन को इस फ़िल्म जैसी चीज़ के बारे में सोचने के लिए बधाई देना चाहता हूँ। इसका हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात थी।卐 कमल हासन ने कहा, 卐मैं हमेशा से खलनायक की भूमिका निभाना चाहता था क्योंकि खलनायक को फिल्म में सभी अच्छी चीजें करने को मिलती हैं, जब नायक रोमांटिक गाने गा रहे होते हैं और नायिका की प्रतीक्षा कर रहे होते हैं, जहां वह बस जाकर वह कर सकता है जो वह चाहता है, इसलिए मैंने सोचा कि मैं खलनायक की भूमिका निभाऊंगा, इसलिए यह मजेदार होगा लेकिन फिर वह इसे अलग करना चाहते थे और मैं लगभग एक बुरे विचार के साथ फिल्म में कहने जैसा हूं।

दीपिका पादुकोण ने आगे कहा, यह सीखने का एक बेहतरीन अनुभव रहा है। एक पूरी तरह से नई दुनिया और हम इस फिल्म के बारे में जानने के लिए अलग-अलग चरणों से गुजरे। नागी (नाग अश्विन) के दिमाग में जो जादू है, वह अब आखिरकार सभी के सामने है। हम अभिनेताओं ने इस दौरान इसे सीखा है। यह व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों स्तरों पर एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। दिग्गजों के साथ काम करने और अमिताभ सर और कमल सर के साथ स्क्रीन साझा करने के बारे में बात करते हुए, प्रभास ने कहा, %मुझे ऐसे महान दिग्गजों के साथ काम करने का मौका देने के लिए दतगर और नागी को धन्यवाद देना चाहिए। यह एक सपने से भी बड़ा है। और मैं नहीं जानिए क्या कहना है। जब मैं पहली बार अमिताभ सर से मिला तो मैंने उनके पैर छुए, उन्होंने कहा, %ऐसा मत करो, मैं करूंगा।% सर, कृपया मैं सोच भी नहीं सकता। हम आपको देखकर बड़े हुए हैं।

इसके अलावा उन्होंने कहा, कमल सर, जब उनका सागर संगम आया, तो मैंने अपनी मां से कहा, %मुझे उनकी ड्रेस चाहिए। मेरे चचेरे भाई, अगर उन्होंने ऐसा किया होता, तो उनका पेट निकल आता था। और वे उनके पेट पर कपड़ा बांध देते थे। वे हमारे सामने उनकी तरह अभिनय करते थे। और अब मैं उनके साथ काम कर रहा हूं। यह अविश्वसनीय जैसा है। दीपिका के बारे में उन्होंने कहा, %मैं हमेशा से उनके साथ काम करना चाहता था। वह ऐसी शख्सियत हैं जो अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकती हैं और वह एक बेहतरीन अदाकारा हैं। उनके साथ काम करना बहुत खूबसूरत अनुभव था।

नाग अश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित, कल्कि 2898 एडी 27 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी जैसे महान कलाकारों के साथ, यह फिल्म एक अद्वितीय सिनेमाई अनुभव होने का वादा करती है।

# सीताराम रसोई पहुंच कर जिला पंचायत अध्यक्ष ने मनाया जन्मदिन

**-जन सेवा ही मेरे जीवन का संकल्प हैः हीरा सिंह राजपूत**

**-जीवन के अंतिम क्षण तक जनसेवा करता रहूं, यही मेरी कामना है और यही मेरा संकल्पः हीरा सिंह राजपूत**



परिहार गर्जना न्यूज। सागर,दिनांक 21 जून 2024। असली जीवन वह जो दूसरों के काम आए जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है, मेरे जीवन का अंतिम क्षण जनसेवा में गुजरे यही मेरी ईश्वर से कामना, यही मेरा संकल्प है, यह बात वरिष्ठ भाजपा नेता जिला पंचायत संघ के प्रदेशाध्यक्ष कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के बड़े भाई एवं सागर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने अपने जन्मदिन के अवसर पर कही। अपने जन्मदिन के अवसर पर श्री राजपूत ने अपने परिजनों तथा पोता-पोतियों सहित सीताराम रसोई पहुंचकर प्रसादी वितरण किया एवं उन सभी लोगों के साथ जन्मदिन मनाया। इसके बाद जिला पंचायत बंगले पर श्री राजपूत के समर्थकों द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां हजारों शुभकामनाएं देने वाले उनके समर्थक एवं इष्ट मित्र जिले तथा प्रदेश से सुबह से ही जमा हो गए। देर रात तक हजारों लोगों का जन सैलाब श्री राजपूत को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए पहुंचता रहा। शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजपूत सुबह विश्व योग दिवस पर आयोजित योग कार्यक्रम में पीटीसी ग्राउंड पहुंचे जहां उन्होंने योग कार्यक्रम में भाग लिया। जहां उपस्थित कलेक्टर दीपक आर्य, आईजी, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगमायुक्त राजकुमार खत्री, सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग सहित मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों श्री राजपूत को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

दोपहर 01 बजे से जिला पंचायत बंगले पर श्री राजपूत के समर्थकों एवं शुभचिंतकों द्वारा जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां श्री राजपूत का फूल मालाओं से जिला तथा प्रदेश से आये हुए हजारों मित्र, शुभचिंतकों व समर्थकों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर सागर की नवनिर्वाचित सांसद श्रीमति लता वानखेड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया, नगर अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, सागर जनपद अध्यक्ष पृथ्वीसिंह, क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, हरिराम सिंह, सराफा ऐसोसियेशन के अध्यक्ष विक्रम सोनी, बीजेपी जिला मंत्री देवेंद्र फुसकेले, जगन्नाथ गुरैया, श्याम तिवारी, रामेश्वर नामदेव, अरविंद सिंह टिंकू राजा, अनिल पीपरा, अंकू चैरसिया सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिले भर से पधारे हुए सभी क्षेत्रवासियों, इष्ट मित्रों, समर्थकों एवं जनप्रतिनिधियों को जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने धन्यवाद प्रेषित किया।

# प्राचार्य अशोक मिश्रा ने करो योग रहो निरोग प्रेरणाप्रद वाणी से बच्चों को योग की और आकर्षित किया

**डीएवी बी. आर बीना पब्लिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन**



**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/दिनांक 21जून 2024 शुक्रवार के दिन विद्यालय प्रांगण में प्राचार्य अशोक कुमार मिश्र के मार्गदर्शन से हर्ष उल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया । सर्व प्रथम महामंत्र गायत्री मंत्र के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।

प्राचार्य अशोक कुमार मिश्र ने योग को मानव जीवन का एक अभिन्न अंग बताते हुए करो योग रहो निरोग आदि प्रेरणाप्रद वाणी से बच्चों को योग की और आकर्षित किया ।योग के लाभों को बताते हुए नित प्रतिदिन योग आसन और प्राणायामों का अभ्यास करने के साथ साथ छात्रों में स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित किया । विद्यालय का संस्कृत शिक्षक गौरांग ओत्ता ने विद्यालय के सभी बच्चों और शिक्षकों को योग की कड़ी के साथ जोड़ने के लिए प्रयास किया ।

विद्यालय के प्राचार्य से लेकर शिक्षक और बच्चे मिलकर आसन प्राणायाम का अभ्यास किया । सर्वप्रथम ब्रह्मणाद ओंकार का उच्चारण के साथ योगिक जगिंग, सूर्यनस्कार , वृक्षासन , ताड़ासन , वीरभद्रासन अनुलोम विलोम भस्त्रिका तथा भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास किया गया । छात्रों ने अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने के लिए विभिन्न आसनों का अभ्यास किया । वातावरण शांति और सकारात्मकता से भरा हुआ था । अंत में संस्कृत शिक्षक गौरांग ओता ने छात्रों में स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए योग के आधार पर पुनरावलोकन करने की भी बात की । विद्यालय के खेल प्रभारी अमिताभ सिरवैया और शुभम मिश्रा ने भी अपना योगदान दिया । राष्ट्र गान के साथ ही कार्यक्रम को समापन किया गया ।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अतिथियों ने किया वृक्षारोपण


**हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बीना मैं लगातार 18 माह से अधिक समय से नियमित चल रहें निशुल्क महिला योगाभ्यास**



परिहार गर्जना न्यूज। बीना/राजीव गांधी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बीना मैं लगातार 18 माह से अधिक समय से नियमित चल रहें निशुल्क महिला योगाभ्यास कार्यक्रम अन्तर्गत अन्तर्राष्टीय योग दिवस के एक दिन पूर्व योग प्रश्नावली प्रतियोगिता आयोजित की गई। तथा दिनांक 21/6/24 को प्रातः 7 बजे से योग प्रशिक्षक कविता नाहर एवं हेमा वाधवानी द्वारा कन्या महाविद्यालय बीना में योगाभ्यास कराया गया इसके वाद प्रातः 7.45 बजे से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पार्क बीना मे विधायक श्रीमती निर्मला स्प्रे की मुख्य अतिथि एवं सुजीत क्लोडियस के विशेष अतिथि की गरिमामय उपस्थिति में योग प्रशिक्षक कविता नाहर एवं हेमा वाधवानी द्वारा योगाभ्यास कराया गया एवं विधायक निर्मला सप्रे के द्वारा सभी अभ्यर्थियों को मेट वितरण की गई इस अवसर पर अतिथियों द्वारा योग की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया इसके साथ ही अतिथियों द्वारा हाउसिंग बोर्ड पार्क में वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम में अनेक महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया कार्यक्रम का संचालन डॉ श्री मति उषा लवानिया एवं उमेश नाहर व्दारा किया गया आभार राहुल वंसल लेखाधिकारी पीएचई द्वारा किया गया।

# विश्वविद्यालय : चैतन्य चेतना का साधक ही योगी - डॉ. त्रिपाठी

परिहार गर्जना न्यूज। सागर. भारत भूमि पर भारत माता की संतान के रूप में जीवन पाना गौरव की बात है. इस गौरवशाली परंपरा में एक व्यक्ति को चैतन्य चेतन बना रहना आवश्यक है. जैसे बुझी हुई राख में जीवन नही होता, जो पशुवत जीवन जी रहे है उसका कोई सार नही है. चैतन्य चेतना का साधक ही योगी होता है और चैतन्य चेतना की अनुभूति ही योग है. उक्त उद्गार महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय भोपाल के योगाचार्य डॉ.निलिम्प त्रिपाठी ने योग शिक्षा विभाग डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में व्यक्त किए. आचार्य त्रिपाठी ने कहा कि आहार निद्रा भय और मैथुन यदि मनुष्य की प्रवृत्ति है तो सहज आत्मीयता प्रेम करूणा मनुष्य जीवन का स्वभाव. इस स्वभाव का आचरण व्यवहार में उतारकर मनुष्य चैतन्य चेतना को प्राप्त कर सकता है. इसके लिए मनुष्य को योग को अपनाना होगा क्योंकि योग चेतन का विज्ञान है और चित्त पर विजय प्राप्त करने की साधना पद्धति है.




इस अवसर पर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने भारत सरकार की मंशा के अनुरूप तीन माह का काऊंटडाऊन मानते हुए समाज को योग से जोड़ने का कार्य किया. इस योग दिवस की थीम स्वयं तथा समाज के लिए योग को सार्थक करते हुए योग विभाग के माध्यम से शहर में योग केम्प लगाये गये. योग शरीर मन बुद्धि और आत्मा का विज्ञान है जो स्वस्थ मनुष्य, स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र बनाने में सहायक है.

स्वागत भाषण देते हुए योग विभागाध्यक्ष प्रो.भवतोष इंद्र गुरू ने कहा कि योग भारतवर्ष के सनातन स्वरूप का सत्य परिचायक है. इस अवसर पर हम संकल्प लें कि शरीर को मन में मन को आत्मा में आत्मा को राष्ट्र में, राष्ट्र को धर्म में, धर्म को ब्रह्म में स्थिर करेंगे. योग दिवस पर योग विभाग की ओर से केन्द्रीय जेल में डॉ. ब्रजेश ठाकुर, राहुल साहू और लंबोदर पटैल ने 500 से ज्यादा बंदीयों को योगभ्यास कराया. सेना के शाहबाज डिवीजन 36 रैपिड में अंकित सोनी और रोहित पटेल ने 200 से ज्यादा सैनिक अधिकारी, जवान एवं उनके परिजनों को योगाभ्यास कराया. इस अवसर पर विभागीय विद्यार्थियों ने राजपूताना नृत्य, ढ़ाना मिलेट्री केम्प के स्कूली बच्चों ने महाभारत थीम पर योगाभ्यास खेल एवं युवक कल्याण विभाग के प्रशिक्षाणार्थीयों नें मलखंब पर योगाभ्यास तथा योग विभाग के विद्यार्थियों ने योगासनों की प्रस्तुती दी.

संचालन डॉ. नितिन कोरपाल ने तथा आभार ज्ञापन डॉ. अरूण कुमार साव ने किया. इस अवसर पर 3 एमपी सिग्नल कंपनी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल ए. के. बैन्सला, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सराफ, प्रवीण राठौर, डॉ. विवेक बी साठे, डॉ. सुमन पटेल, अनवर खान, मनोज दुबे, प्रज्ञा साव, दिनेश तोमर, ख्याति गोस्वामी, चेतना सरकार, दीक्षा भारद्वाज एनसीसी केडेट, शंकरलाल पटेल, डालचंद चौधरी, सुरेंद्र खरे सहित कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे.

# सामूहिक योग कार्यक्रम में शामिल हुए पर्यटन राज्य मंत्री

## अन्न संवर्धन अभियान का हुआ शुभारंभ



**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार सुबह सामूहिक योग कार्यक्रम हुआ। नजरबाग परिसर में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर अन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ भी किया गया। कलेक्टर अवधेश शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आज नजर बाग परिसर में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रशिक्षित शिक्षकों ने योगाभ्यास करा कर योग से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभ के बारे में जानकारी दी। सामूहिक योग कार्यक्रम में मप्र के संस्कृति, पर्यटनए धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी मौजूद रहे। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ योग किया। कलेक्टर ने बताया कि इस मौके पर अन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। करीब 2 घंटे चले योग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और शहर के लोग शामिल हुए। इस मौके पर एसपी रोहित काशवानी, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना, विवेक चतुर्वेदी, जिप सीईओ नवनीत धुर्वे, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा सहित शहर के लोग मौजूद रहे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बढ़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# खरगापुर विधायक श्री मति चंदा-सुरेन्द्र सिंह गौर ने ली खण्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक

परिहार गर्जना न्यूज। बल्देवगढ़ / खण्ड स्तरीय अधिकारियों / कर्मचारियो की बैठक जनपद पंचायत बल्देवगढ़ के सभागृह में श्री मति चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर विधायक खरगापुर द्वारा ली गई जिसमें प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बल्देवगढ़ अनुविभागीय अधिकारी ब्लाक मेडकल आफीसर एस0डी0ओ0 पी0एच0ई0 बरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, जे0ई0एम0पी0ई0बी0, बिटनरी आफीसर, वन विभाग, मतस्य विभाग, लोकनिर्माण विभाग शिक्षा विभाग, तहसीलदार खरगापुर, तहसीलदार बल्देवगढ़ लगभग सभी विभागो के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे और सभी विभागों का पूर्व की बैठक में पालन प्रतिवेदन तथा सभी ने अपने अपने विभागो पर चर्चा की जिसमें विशेष चर्चा ग्राम लड़वारी के स्कूल की जमीन से अतिक्रमण हटाये जाने पर जोर दिया गया साथ ही नगर परिषद बल्देवगढ़ में ठेकेदारों द्वारा गुण वत्ता ही सड़क बनाये जाने की जांच तथा बम्हौरी तिगेला से नगर में जहां भी नाली खुली है उसको बंद किये जाने के निर्देश विधायक जी द्वारा दिये गये तथा ग्राम भेलसी में आदिवासियों के पट्टे वाली भूमि को कम्प्यूटर रिर्काड में दर्ज किये जाने हेतु भेलसी के आदिवासी समाज के कई किसान उपस्थित रहे जिसमें विधायक जी ने तत्काल रिर्काड में दर्ज किये जाने हेतु तहसीलदार बल्देवगढ़ को निर्देश दिये गये और तहसीलदार द्वारा तत्काल निराकरण किये जाने का आश्वासन दिया विधायक जी के द्वारा पेयजल कैसे आम जनता को मिले उस पर पी0एच0ई0 विभाग की समीक्षा पर एस0डी0ओ0 को निर्देश दिये गये है कि किसी भी ग्राम पंचायत में यदि दबाव बनाकर अधूरी टंकियो एवं अधूरी नल जल योजनाओं को यदि हैण्डओवर किया गया तो सक्त से सक्त कार्यवाही की जावेगी। बैठक प्रारंभ होने के पूर्व खरगापुर स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण भी किया गया जिसमें पेयजल की गंभीर समस्या पाई गई जिसके लिये नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी खरगापुर के प्रतिनिधि को नवीन नलकूप खनन कराये जाने के निर्देश दिये गये तथा रोगी कल्याण समिति बल्देवगढ़ की बैठक भी आहूत की गई जिसमें विधायक जी द्वारा शव विच्छेदन गृह के पास परिजनो को धूप पानी से बचने के लिये टीन सैड की घोषणा की तथा स्टील का फर्नीचर, डिलेबरी टेबिल, फोकिंग मशीन, बाटर कूलर आदि की घोषणा की गई तथा ग्राम मलगुवां एवं कन्नपुर में उप स्वास्थ केन्द्र के भवन को शीघ्र निर्माण कराये जाने की कार्यवाही की जावेगी। तथा रोगी कल्याण समिति बल्देवगढ़ में विधायक महोदय द्वारा नामित सदस्य श्री हरिराम रैकवार एवं हामिद खान बल्देवगढ़ को सदस्य नियुक्त किया दौनों नये सदस्यों का गर्मजोशी के साथ स्वास्थय विभाग द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र सिंह, रमेश नायक, महेश यादव सूरज यादव, हरिशंकर दीक्षित आशीष यादव, बालाराम यादव, श्री राम यादव, संतोष यादव, राजकुमार मिश्रा, रामस्वरूप लोधी, अंकित रैकवार हरेन्द्र सिंह पुष्पेन्द्र यादव केशव सेन, कल्लन खान, प्रमोद अहिरवार, सुरेश अहिरवार आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे ।




# कुंडेश्वर मंदिर परिसर से बाईक चोरों ने फैलाई दहशत, 2 महीने में तीन बाइक चोरी

## सीसीटीवी में कैद हुआ चोर, तौलिया से चेहरा छुपाकर चुरा ले गया बाइक

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिव धाम कुंडेश्वर में लगातार बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। गुरुवार रात मंदिर के पार्किंग स्थल से एक बार फिर बाइक चोरी हो गई। चोरी की घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। देर रात कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। शहर के इंदिरा कॉलोनी निवासी सतीश चढ़ार ने बताया कि गुरुवार रात करीब 8रू30 बजे कुंडेश्वर मंदिर दर्शन करने गए थे। पार्किंग एरिया में बाइक खड़ी कर मंदिर में जाकर पूजा.अर्चना की। लौट कर देखा तो बाइक नहीं मिली। इसके बाद मंदिर ट्रस्ट की मदद से परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। इसमें एक युवक को चेहरे पर तोलिया बांधकर बाइक ले जाते हुए साफतौर पर देखा गया है। इसके बाद सतीश ने कोतवाली थाने पहुंचकर बाइक चोरी की शिकायत दर्ज करा दी। साथ ही पुलिस को सीसीटीवी वीडियो भी सौंपा गया है। कोतवाली थाना पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।


***लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाएं-***

कुंडेश्वर निवासी अंशुल व्यास ने बताया कि मंदिर परिसर से लगातार बाइक चोरी की घटनाएं हो रही है। 30 अप्रैल को 28 वर्षीय आनंद व्यास की बाइक चोरी हो गई थी। जिसका आज तक पता नहीं चला है। 9 जून को कृषि महाविद्यालय में पदस्थ शोभाराम ठाकुर की बाइक मंदिर परिसर से चोरी हो गई थी। शोभाराम ठाकुर ने बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था। गुरुवार रात एसपी के निर्देश पर कोतवाली थाना पुलिस ने बाइक चोरी का मामला दर्ज किया है।

# हादसों में इजाफा होने से बढ़ी लोगों में चिंता, दो कारें आमने-सामने भिड़ी

## 1 महिला सहित 3 युवक हुए घायल, उपचार जारी

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। सड़क हादसों की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इन हादसों में अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है। अब तक हुए हादसों को लेकर लोगों में चिंता बनी हुई है। शहर के देहात थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धजरई में शुक्रवार शाम करीब 5 बजे दो कार आमने-सामने भिड़ गईं। बताया गया है कि यह हादसा छतरपुर मार्ग के धजरई पावर हाउस के पास हुआ। घटना में एक महिला सहित 3 युवकों को चोटें आईं हैं। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि धजरई निवासी संजय पटेरिया ने बताया कि पवार हाउस के पास दो कारों की आमने-सामने भिड़त हो गई। जिन कारों की आमने सामने भिड़ंत हुई है, उनमें से एक कार छतरपुर की ओर से टीकमगढ़ की ओर आ रही थी और दूसरी कार यूपी के ललितपुर से छतरपुर की ओर जा रही थी। छतरपुर से आ रही कार में पति, पत्नी सवार थे। जबकि ललितपुर से आ रही कार में 3 से 4 लड़के सवार थे। दोनों कारों की आमने-सामने भिड़ंत होते ही यहां तमाशबीनों का मजमा लग गया और कुछ लोग घायलों को बचाने में लग गए। हादसे में छतरपुर से आ रही कार में सवार महिला को गंभीर चोटें आईं हैं। जबकि दूसरी कार में सवार 3 युवकों को मामूली चोटें आईं हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। घटना में दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना देहात थाना पुलिस को दी है।



***जिला अस्पताल में चल रहा इलाज-***

देहात थाना प्रभारी रवि गुप्ता ने बताया कि धजरई के पास दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो जाने की सूचना मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर जा पहुंची। इस दौरान हादसे में घायल सभी लोगों को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार कराने जिला अस्पताल लाया गया । अस्पताल चौकी पुलिस घायलों की जानकारी पता करने हॉस्पिटल पहुंची, इसके साथ ही उन्होंने वैधानिक कार्रवाई की।

# चंदेरा पुलिस को मिली बढ़ी कामयाबी-

## 24 घंटे के अंदर हुआ दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। दुराचार की वारदात के बाद लोगों में बनी नाराजगी आरोपी के गिरफ़तार होते ही कम हुई है। चंदेरा पुलिस ने पुलिस अधीक्षक रोहित काशबानी के निर्देशन में सक्रियता से कार्रवाई करते हुए बलात्कार के आरोपी को 24 घंटे के अंदर ही रानीगंज तिगैला से दबोचने में कामयाबी हासिल की। इस कार्रवाई को लेकर लोगों ने पुलिस की सराहना की है। बताया गया है कि पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चंदेरा थाना प्रभारी अंकित दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में करीब ढाई महीने पहले आरोपी द्वारा नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया व जान से मारने की धमकी दी गई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी अमित उर्फ राजा यादव निवासी मौजीपुरा थाना जेरोन के खिलाफमामला दर्ज किया। इस घटना का आरोपी अमित उर्फ राजा भागने की फिराक में था, जिसको पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रानीगंज तिगैला से गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अंकित दुबे, एएसआई दयाराम चक्रवर्ती, प्रधान आरक्षक रामचंद्र नायक, आरक्षक वेद प्रकाश शर्मा व आरक्षक चालक अरबिंद्र की मुख्य भूमिका रही। यहां बता दें कि चंदेरा पुलिस द्वारा अब तक कई संगीन मामलों में तत्परता दिखाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की है, वहीं अवैध कारगुजारियों पर अंकुश लगाने में भी सफलता पाई है। इस इलाके में खनिज कारोबारियों में पुलिस की दविश के चलते दहशत बनी हुई है।।



# वर्षो से जमें खंड पंचायत अधिकारी द्वारा किया जा रहा भारी फर्जीवाडा

## -आंगनवाडीयो मे बच्चो के लिए खरीदी गई सामग्री मे किया गया भारी भ्रष्टाचार
## -सचिवो से आडिट के नाम पर वसूले जा रहे लाखो रूपये



**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जनपद पंचायत पन्ना में पदस्थ खंड पंचायत अधिकारी घनश्याम शर्मा विगत कई वर्षो से पन्ना जनपद पंचायत मे जमें हुए है। पूर्व मे वह सचिव के पद पर कई वर्ष तक मडला तथा अन्य ग्राम पंचायतो मे पदस्थ रहें है। इसके बाद वह खंड पंचायत अधिकारी के पद पर पदोन्नति पा कर पन्ना जनपद मे ही जमें हुए है। इनकी पहचान सभी से इसी कारण जनपद पंचायत पन्ना की 74 पंचायतो के सचिव इन्ही के हिसाब से कार्य करते है। अभी कुछ दिन पूर्व अक्टूबर, नवम्बर 2023 में तत्कालीन खनिज मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा खनिज मद से आंगनवाडीयो मे बच्चो के लिए जिला पंचायत को दो करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी। उक्त राशि सभी जनपदो मे आवंटित की गई। जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत को 25-25 हजार की राशि प्रदान की गई थी। जिसके माध्यम से ग्राम पंचायत की एक आंगनवाडी मे घिसल पट्टी, खिलोने आदि खरीदे जाने थें। पन्ना जनपद पंचायत मे भी उक्त खरीदी की गई। जो रायल फर्नीचर फर्म से खरीदी गई जिसमे मात्र दस हजार से ज्यादा का समान नही है। लेकिन 25-25 हजार के भुगतान ग्राम पंचायतो से वसूले गये। जिसमें खंड पंचायत अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मिलकर बन्दर बांट की है। उदाहरण के तौर पर पन्ना जनपद पंचायत में ग्राम पंचायत बडोर, सुन्दरा, मुटवाकला, आदि ग्राम पंचायतो मे सामग्री देखी जा सकती है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत की आडिट कराई जाती है, आडिट के नाम पर खंड पंचायत अधिकारी श्री शर्मा द्वारा सचिवो से दस से बीस हजार रूपये तक की राशि वसूली जाती है। इकट्ठी राशि लेकर आडिट वालो को कुछ राशि देकर बन्दर बाट कर ली जाती है। यह आलम वर्षो से चल रहा है।

# नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन





**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/नीट परीक्षा में व्याप्क स्तर पर हुई गडबडिया तथा धांधली को लेकर पूरे देश मे हंगामा मचा हुआ है। देश के बेरोजगार एनडीए सरकार से जमकर नाराजगी तथा विपक्षीय दल मुख्य रूप से कांग्रेस द्वारा उक्त मामले को लेकर पूरे देश मे प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कडी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पन्ना जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह के नेत्रत्व में कांग्रेस पार्टी ने प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर के प्रतिनिधी एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन सौपा है तथा मामले मे दोषियो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए देश के युवाओं को न्याय दिलाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालो मे जिला अभीभाषक संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अनीष खान, श्रीमती अनुराधा शेन्डगें, पिछडा वर्ग अध्यक्ष राज बहादुर पटेल, अल्प संख्यक अध्यक्ष कदीर खान, ब्लाक अध्यक्ष अमानगंज भभूत सिंह राजपूत, देवन्द्रनगर आनन्द शुक्ला, गुनौर बबलू गौतम, पन्ना अक्षय तिवारी, अजयगढ के कार्यकारी अध्यक्ष रवी यादव, मार्तण्डदेव बुन्देला, मनीष मिश्रा, व्हीएन जोशी, शशिकान्त दीक्षित, पुरषोत्तम जडिया, माखन पटेल, गिरधारी लोधी, जीवन लाल सिद्धार्थ, राकेश गर्ग, देबू गोड़, मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा, रियासत खान, भूपेन्द्र सिंह, जीतेन्द्र सिंह जाटव, नरेन्द्र विश्वकर्मा, रूपेश दीक्षित, अभीषेक चौरसिया, सरदार सिंह यादव, रेहान मोहम्मद, सत्यजीत सिंह परमार, वैभव थापक, खज्जू राजा, इमरान रायन, इजाज खान, अकरम खान, बाल किशोर शर्मा, पप्पू विश्वकर्मा, कमलेश यादव, छोटे राजा यादव, शंकर कवीर पंथी, महेन्द्र पटेल, शुसील मिश्रा, राजा बाबू पटेल, युवक कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी, वैभव थापक, गुड्डु खान, काशी यादव, वंश गोपाल राजपूत, भूपेन्द्र परमार, अमित शर्मा शिव प्रकाश दीक्षित, राम बहादुर पान्डेय, शंकर प्रसाद द्विवेदी, चतुरेश अहिरवार, संतोष मिश्रा, बृजेन्द्र सिंह, उमाशंकर तिवारी, इन्दल पाठक, वीरेन्द्र लोध, शीतल प्रसाद, राजू यादव, दयाराम लोधी, विकास तिवारी, केशरी अहिरवार, मुस्ताक खान, सौरभ पटैरिया, राम बहोरी लोधी, कैलाश सिंह यादव, अजय सिंह, मोती शिवहरे, लोकेन्द्र सिंह, श्रवण तिवारी, सहित भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# शाहनगर पुलिस ने बीस किलो गांजा पकडा, तीन आरोपी गिरफ्तार

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले मे अवैध गांजा तथा शराब का व्यापार चरमसीमा पर चल रहा है। गांव गांव मे गांजा एवं शराब की विक्री की जा रही है। जिससे युवा पीढी बुरी तरह से बर्बाद हो रही है। गांजा तथा शराब बेचने वाले मालामाल हो रहें है। बीच बीच मे पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाती है। जिसमें आरोपी पकडे जाते है। इसी प्रकार का मामला शाहनगर थाना पुलिस पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही मे सामने आया है। जिसमें तीन लोग मोटर साईकिल मे गांजा लेकर आ रहे थें। जिन्हे शाहनगर थाना प्रभारी रजनी शुक्ला द्वारा गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 19.5 किलो गांजा बरामद किया गया। जिसकी कीमत तीन लाख नब्बे हजार आंकी गई तथा एक बिना नम्बर की स्पलेन्डर मोटर साकिल जप्त की गई। जिसकी कीमत सत्तर हजार रूपये है। पुलिस ने अपराध क्रमांक 194/24 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है। उक्त अवैध गांजा मे जो आरोपी गिरफ्तार किये गये है। देवकरन पिता अच्छेलाल पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी टपरियन बमीठा जिला छतरपुर, हरिश्चन्द्र पिता रामप्यारे पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी खैरी थाना बमीठा जिला छतरपुर, दिनेश पिता रामलखन पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी कूड़न थाना बमीठा जिला छतरपुर आदि। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शाहनगर निरीक्षक रजनी शुक्ला, पुलिस सायबर सेल प्रभारी उनि अनिल सिंह राजपूत, उनि संतोष मसराम, सउनि अवधराज उइके, भैयामन सिंह, पुलिस सायबर सेल टीम से प्र.आर. राहुल सिंह बघेल, आशीष अवस्थी, आर. धर्मेन्द्र सिंह राजावत, राहुल पाण्डेय एवं थाना शाहनगर पुलिस टीम से प्र.आर. ईदुल बक्श, आर. दिनेश यादव, रविन्द्र कुमार, राकेश, विनोद डाबर का सराहनीय योगदान रहा।



# मिनी स्मार्ट सिटी पन्ना की सडके गड्ढो मे तब्दील

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जहां एक ओर प्रदेश सरकार द्वारा पन्ना जिले मे मिनी स्मार्ट सिटी की सौगात दी गई थी तथा जुगल किशोर लोक बनाने ऐलीवेटेड रोड बनाने, बृस्पत कुंड मे कांच का पुल बनाने, मेडिकल कालेज खोलने सहित अनेक प्रकार के सपने दिखाये जा रहे है। वहीं दूसरी ओर पन्ना नगर तथा जिले की हालत बदतर बनी हुई है। जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग भगवान जुगल किशोर जी मंदिर से लेकर बडा बाजार मुख्य सडक की दूरी मात्र सौ मीटर है। लेकिन उक्त सौ मीटर सडक वर्षो से खुदी पडी हुई है। गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे है। जबकी स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ो रूपये खर्च किये जा चुके है। लेकिन उक्त छोटी से सडक का निर्माण नगर पालिका एवं जिला प्रशासन द्वारा नही किया गया है। स्थानीय लोगो ने तत्काल सडक निर्माण कराये जाने की मांग की है।



# 20 वर्षीय नवविवाहिता की जहर खाने से हुई मौत

**स्वप्निल गुप्ता**

परिहार गर्जना न्यूज। अजयगढ़-अजयगढ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक 20 वर्षीय नव विवाहित के द्वारा जहर खाकर मौत हो जाने का एक संदिग्ध मामला सामने आया है।लड़की के पिता भवानीदीन पाल पिता मुन्ना पाल उम्र 65 वर्ष निवाशी गडरपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि में खेती किसानी का काम करता हूँ मेरी सात लडकिया है जिसमे से 6वे नम्बर की लड़की प्रभा पाल पति शिवपाल पल की शादी राजनगर के ग्राम भभुआ में दो माह पूर्व की थी।शादी होने के कुछ दिन बाद लड़की अपने मायके आई हुई थी।कल सुबह पन्ना कॉलेज जाने के लिये मेरी लड़की गडरपुर से निकली थी ओर दिन में कई बार फ़ोन करने के बाद भी उससे संपर्क नही हुया तभी रात लगभग 8 बजे मेरे फ़ोन पर बात हुई कि मैं लखन साहू बोल रहा हूँ और आपकी लड़की अजयगढ अस्पताल में भर्ती है। जिसे सुनकर मैं तुरंत अजयगढ अस्पताल आया तब मेरी लड़की मुह से झाग निकाल रही थी और फ़ोन पर बात करने वाला लड़का वहाँ से गायब था।इसके बाद इलाज के दौरान लगभग 11 बजे वो खत्म हो गई।जिसकी जानकारी अजयगढ थाने में दी गई।मृतका के बैग की जांच करने पर उसमें चूहा मारने की दवाई के आधे खाली पाउच भी मिलना बताया जा रहा है।मौके पर नायब तहसीलदार आर डी अहिरवार की उपस्थिति में घरवालों के बयान व पंचनामा की कार्यवाही की है।पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जाँच में ले लिया है और मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा शव को अंतिम संस्कार के लिये परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।



# कार्यवाही करने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/आशा पर्यवेक्षक तथा आशा, ऊषा कार्यकर्ताओं द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपकर कार्यवाही की मांग की है। उक्त मामले को लेकर रूकमणि प्रजापति पर्यवेक्षक तीरथपुर द्वारा बताया गया कि विगत वर्ष आशा, ऊषा पर्यवेक्षक वेतन वृद्धि की मांग को लेकर संगठनो के सहयोग से काम बंद हडताल सीएमओ कार्यालय परिषर में स्थित शिव मंदिर प्रांगण मे किया गया था। जिसमें संगठन को सफलता मिली तथा सरकार द्वारा वेतन बृद्धि करते हुए अन्य मांगे मान्य की गई। जिसको लेकर संगठन तथा संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन ने मिलकर भोलेनाथ जी मंदिर मे धार्मिक अनुष्ठान तीन दिवसीय कराया गया था। उक्त आयोजन में सभी ने भरपूर सहयोग किया। लेकिन इसी दौरान कुछ लोगो द्वारा अनावश्यक रूप से चन्दा वसूली के झूठे आरोप लगाये गये थे, जो बे बुनियाद है, श्रीमती रूकमणि प्रजापति ने मामले की जांच कराकर दोषीयो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।



# रोज शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो कम से कम 45 मिनिट योग करें-राज्यमंत्री श्री पटैल

**-योग निश्चित तौर से शरीर को, मन को अच्छा करता है-विधायक श्री मलैया**
**-अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम योग स्वयं के लिये और समाज के लिये पर कार्यक्रम हुआ संपन्न**
**-वर्षा होने से कार्यक्रम स्थल में बदलाब होने पर कलेक्टर श्री कोचर ने खेद व्यक्त किया**
**-योग कार्यक्रम में शामिल नागरिकों को शुभकामनाएं दी**
**-नगर पालिका एवं डूडा की टीम ने कम समय में अच्छी व्यवस्थाएं की इसके लिये शाबासी दी**






**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 21 जून। इस बात की खुशी है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो यूनाइटेड नेशन में प्रस्ताव रखा, उस प्रस्ताव को पूरे विश्व ने माना और 21 जून 2015 से सारे विश्व में योग दिवस मनाया जाने लगा है। पूरे विश्व में आज के दिन योग दिवस मनाया जाता है। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने आज स्थानीय मानस भवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर पूर्व वित्तमंत्री जयंत कुमार मलैया, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर मीना मसराम, एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, एसडीएम आर एल बागरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मालती असाटी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु पुरोहित, योगाचार्य प्रशांत असाटी, सहित अन्य योगगुरू एवं अन्य योग संस्थाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनो के पदाधिकारी एवं नागरिकगण मौजूद थे।

राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा जैसा कि सभी जानते हैं करें योग रहे निरोग, यह सच भी है यदि रोज शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो कम से कम 45 मिनट योग करें, एक्सरसाइज करें, तो निश्चित रूप से डॉक्टर के यहां जाने से बचेंगे, खास तौर से हड्डियों की बीमारी जो आज के समय में सबसे ज्यादा हो रही है, उनसे बचने के लिए सबसे अच्छा है, रोज योग करें। उन्होंने कहा अभी जैसा कि कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने ऑनलाईन संबोधित करते हुये कहा है 100 साल तक निरोग रहकर, बिना डॉक्टर के अपना जीवन यापन कर सकते हैं। आज योग दिवस के अवसर पर उन्होंने सभी देशवासियों के लिए योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जो पिछले 10 वर्षों से लगातार मनाया जा रहा है, यह कार्यक्रम यहां पर हो रहा है। योग कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में होना था, अतिवृष्टि के कारण उसको वहां से शिफ्ट करके मानस भवन में किया गया है। यह अच्छा प्रयास है, और बहुत लोगों ने रुचि भी ली है। योग दिवस की सभी के लिए बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं। श्री मलैया ने कहा योग निश्चित तौर से शरीर को मन को अच्छा करता है।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने दमोह के नागरिको को धन्यवाद देते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी बहुत ऊर्जा और उत्साह के साथ बड़ी संख्या में यहां पर लोग जुटे है। हमने एक्सीलेंस स्कूल में 3 हजार से अधिक लोगों के लिये कार्यक्रम की व्यवस्था की थी लेकिन असमय बारिश के कारण वहां कार्यक्रम नहीं कर पाया, उसके कारण योगाचार्यो आमजनों को जो कष्ट हुआ है मैं उसके लिए दमोह के नांगरिकों से क्षमा मांगता हूं, कि यह कार्यक्रम हम बहुत अच्छे तरीके से करना चाह रहे थे। बहुत अच्छी बात यह रही की लोगों का उत्साह कम नहीं पड़ा। यहां पर बहुत बड़ी में संख्या में लोग आए, उन्हें व्यवस्था नहीं दे पाए उसके लिए भी कलेक्टर श्री कोचर ने खेद व्यक्त किया। लोगों ने अच्छी तादात में आकर योग किया, इसके प्रति कलेक्टर श्री कोचर ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा योग प्रशिक्षकों ने बहुत अच्छे से योग कराया, आयुष विभाग के अधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी, जन अभियान परिषद के अधिकारी, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, सभी सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं और तमाम नागरिक जिन्होंने योग किया है, और मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा मंत्री जी ने समय निकाला और योग में शामिल हुए दमोह विधायक भी पूरे कार्यक्रम में रहे। सभी ने मिलकर आज यह संदेश देने का प्रयास किया है कि योग समाज के लिए कितना आवश्यक है और स्वयं के लिए कितना आवश्यक है। उन्होंने कहा मैं उम्मीद करता हूं कि हम सभी लोग अपने दैनिक दिनचर्या में जैसे कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा हम अपने दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करके शारीरिक और मानसिक विकास की ओर अग्रसर होंगे।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम फ्योग स्वयं के लिए और समाज के लिएफ्र थी और हमने खास तौर से महिलाओं से आग्रह किया था की बड़ी तादाद में उपस्थित होकर योग करें, आज यहां पर बड़ी तादाद में महिलाओं की उपस्थिति थी और योग को हर वर्ग से, हर समाज से, हर उम्र से जोड़ने का प्रयास करने की कोशिश की गई है।

कलेक्टर श्री कोचर योग दिवस कार्यक्रम स्थल उकृष्ट विद्यालय मैदान में कल रात से ही व्यवस्था में लगे रहे और रात्रि में वर्षा होने से आज सुबह कार्यक्रम स्थल में बदलाव किया गया और स्थानीय मानस भवन की व्यवस्था में नगर पालिका की टीम ने और डूडा की टीम ने काम किया है, वह वाकई में काबिले तारीफ है, उन लोगों की बदौलत यह चीज बहुत अच्छे से हो पाई हैं, इसका विशेष रूप से नगर पालिका को क्रेडिट जाता है।

जिला पंचायत सीईओ अर्पित वर्मा ने कहा कार्यक्रम को लेकर बहुत बृहद व्यवस्था की थी उकृष्ट विद्यालय के ग्राउंड में, कलेक्टर सर ने वाटरप्रूफ पंडाल भी लगाया था लेकिन बहुत ज्यादा वर्षा के कारण मानस भवन में कार्यक्रम का आयोजन करना पड़ा। उन्होंने कहा मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई कि आप सभी लोग बड़ी संख्या में आए। आप लोगों ने बहुत मन से आज योग किया, योग शिक्षको ने भी बहुत मनोयोग से अच्छे तरीके से योग कराया है। आप लोग सभी यहां एकत्रित हुए, योग किया प्रधानमंत्री जी को सुना, उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया ने महर्षि पतंजलि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आज 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।

# नीट पेपर लीक मामले में कांग्रेस ने धरना देकर किया विरोध प्रदर्शन

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। कुछ दिन पहले हुए नीट परीक्षा पेपर लीक होने एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में पेपर लीक होने के साथ-साथ मध्य प्रदेश में हुए नर्सिंग घोटाले को लेकर जिला कांग्रेस के द्वारा आज जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपा गया। कांग्रेस के द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि




देश में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है एवं देश के अन्य प्रदेशों में जहां भाजपा की सरकार है वहां पढ़े-लिखे नौजवानों के साथ अन्याय हो रहा है तथा कई तरह के घोटाले किए जा रहे हैं। 4 जून को नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ है तथा परीक्षा का परिणाम प्रभावित हुआ है जिसको लेकर बिहार गुजरात हरियाणा में कई गिरफ्तारियां की गई है इसी तरह देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में पेपर लीक हुआ है एवं प्रदेश में बहुत बड़ा नर्सिंग घोटाला भी हुआ है लेकिन मध्य प्रदेश में कोई भी गिरफ्तारी नहीं की गई जिसके चलते हमारे प्रदेश एवं जिले के युवाओं के साथ अन्याय होता दिख रहा है और इन्हीं घोटालो एवं परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस के द्वारा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। इसके साथ-साथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रकाश दांगी द्वारा बताया गया कि जिले में 11 दिन चले जल संवर्धन अभियान में सिर्फ फोटोग्राफी की गई जबकि धरातल पर कोई काम नजर नहीं आ रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रकाश दांगी मनोहर सिंह यादव श्री नारायण रिछारिया राजेश यादव अनूप बडोनिया महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष श्रीमती संपत चौधरी रमेश निराला अनूप बडोनिया रणबीर सिंह राजावत कृष्ण कुमार त्रिवेदी विमलेश राय महेंद्र विश्वकर्मा पुष्पेंद्र दांगी समीर तिवारी हेमंत समेले हरिओम कुशवाहा मनोज दांगी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से 5 वर्षीय बालक की हुई मौत

**विधायक श्री जैन ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर तत्काल कराया पीएम**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। निवाड़ी जिले के नगरीय क्षेत्र तरीचर कलां अंतर्गत आने वाले ग्राम रावली में बीती रात्रि एक 5 वर्षीय बालक यांशु पाल पिता चन्द्र पाल की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस थाना चौकी में देने पर पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए शव का पोस्टमार्टम करने के लिए शव निवाड़ी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां घटना की सूचना मिलते ही विधायक अनिल जैन अपने सहयोगी साथियों के साथ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तथा हृदय विदारक घटना से दुखी परिवार को सांत्वना देते हुए तत्काल पोस्टमार्टम कराया तथा परिजनों को घर तक भेजने की व्यवस्था की।



# जिला मुख्यालय पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज निवाड़ी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला मुख्यालय पर संचालित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक



एक के प्रांगण में सामूहिक योग का आयोजन किया गया। सामूहिक योग के आयोजन में भोपाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में आयोजित राज्य स्तरीय आयोजन एवं श्रीनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के आयोजन का सीधा प्रसारण दिखाते हुए जिला मुख्यालय पर विधायक अनिल जैन की उपस्थिति में सामूहिक योग का आयोजन किया गया। सामूहिक योग के आयोजन में योग शिक्षक राम अवतार तिवारी एवं मुकेश दुबे के द्वारा सभी योग की क्रियाएं कराई गई जिसका संचालन सेवा निर्वित्त क्रीड़ा शिक्षक आरपी तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन डॉक्टर नंदकिशोर नापित दिनेश दुबे नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार रोहन जैन प्रमोद कुशवाहा रमेश खंगार सहित प्रशासनिक अधिकारी अपर कलेक्टर राधा बल्लभ शर्मा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनमोहन बघेल थाना कोतवाली प्रभारी रामबाबू शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर एस अवस्थी के साथ-साथ अनेक विद्यालयों के प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मामला फर्जीबाड़े का- ग्राम पंचायत बरियारपुर में रोजगार सहायक सचिव मीना चक्रवर्ती भ्रष्टाचार का दूसरा नाम

## -बिना काम के लग रहे फर्जी बिल और लगा रहीं मास्टर रोल में फर्जी हाजिरी
## -विकलांग,नाबालिग कर रहे मजदूरी,मोहतरमा की अफसर शाही हावी
## -विकास कार्यों में लगा रहीं लाखों का चूना,संभाग आयुक्त करें जांच तभी कारनामों से उठेगा पर्दा

**मनोज सिंह**

परिहार गर्जना कटनी -जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बरियारपुर में पदस्थ रोजगार सहायक मीना चक्रवर्ती गांव में रहते हुए जमकर सुर्खियां बटोर रहीं,लिहाज़ा इनके द्वारा जो निर्माण कार्य किए गए या फिर कराए जा रहे हैं। उक्त सभी कार्यों में रोजगार सहायक मीना चक्रवर्ती द्वारा नियमों को ताक में रखकर जमकर अनियमितताएं बरती गई है। जिसके चलते उनकी शिकायतें भी की गई लेकिन मोहतरमा के लिए सब संभव है,आपको स्मरण रहे कि इनके द्वारा उच्च -अधिकारियों को लक्ष्मी स्वरूप उपहार देकर शिकायतों को दबा दिया जाता है।

ताकि सरकार की चल रही योजनाओं में उन पर भ्रष्टाचार की मुहर ना लगे लेकिन समय रहते उन पर भ्रष्टाचार की मुहर लगना तो तय हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 के तहत अकुशल मजदूरों को मनरेगा और नरेगा में रोजगार दिया जाता है लेकिन पैसे की भूख और अपना स्वार्थ सिद्ध करने के चलते रोजगार सहायक सचिव मीना चक्रवर्ती मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाने में पीछे नहीं है।

***खिरहा तालाब विस्तारीकरण में रोजगार सहायक मीना चक्रवर्ती ने लगाई फर्जी हाजिरी***

ग्राम पंचायत बरियारपुर में पदस्थ रोजगार सहायक मीना चक्रवर्ती द्वारा नियमों को ताक पर रखते हुए खिरहा तालाब विस्तारीकरण में फर्जी लोगों की लगाई हाजिरी जो क्रमशः इस प्रकार हैं। 1- राजा राम सिंह पिता प्रेम सिंह जॉब कार्ड संख्या 259,मास्टर क्रमांक 19407 दिनांक 7/2/2024 एवं अन्य 2- ओमकार पिता टेकराम जॉब कार्ड संख्या 261क्क-मास्टर क्रमांक 16501 दिनांक 27/12/23 एवं अन्य 3- सुनील पिता राममिलन जॉब कार्ड संख्या 284ष मास्टर क्रमांक 18488 दिनांक 24/1/2024 एवं अन्य 4- लक्ष्मी पति सुनील जॉब कार्ड संख्या 284ष मास्टर क्रमांक 18488 दिनांक 24/1/2024 एवं अन्य 5-मायाबाई पति महेश प्रसाद गौतम जॉब कार्ड संख्या 85 सी- मास्टर क्रमांक 19907 दिनांक 15/2/2024 एवं अन्य 6- नाबालिक की लगाई हाजरी राधेश्याम पिता मंनकुमार जॉब कार्ड संख्या 69 ए- मास्टर क्रमांक 16501 दिनांक 27/12/2023 एवं अन्य सिम्पी पति मनीष जॉब कार्ड संख्या 237 डी-मास्टर क्रमांक 19407 एवं अन्य सीताराम पिता भुमक जॉब कार्ड संख्या 237 ए-मास्टर क्रमांक 18589 एवं अन्य अब बात करें विकलांगों की बरियारपुर ग्राम पंचायत रोजगार सहायक सचिव मीना चक्रवर्ती ने मनरेगा में विकलांग व्यक्तियों को भी मजदूरी कराने और फर्जी हाजिरी भरने से पीछे नहीं छोड़ा विकलांग रामकुमार पिता बुद्धू यादव जॉब कार्ड संख्या 345 मास्टर रोल क्रमांक 16626 दिनांक 27/12/2023 एवं अन्य लोगों की फर्जी हाजिरी लगाकर शासन की राशि को बंदर बांट किया जा रहा है आपको बताते चलें की ग्राम पंचायत बरियारपुर जनपद रीठी जिला कटनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरियारपुर की ग्राम मठिया खिरहा तालाब विस्तारीकरण में ग्राम पंचायत रोजगार सहायक सचिव मीना चक्रवर्ती द्वारा फर्जी पत्थरों के बिल लगाकर एवं विकलांग व्यक्तियों और नाबालिक बच्चों को भी नहीं छोड़ा विकलांग एवं नाबालिक लोगों से मजदूरी कराई गई ऐसे कई लोगों के नाम फर्जी हाजिरी के रूप में भरकर शासन को कई लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है।

***रोजगार सहायक सचिव मीना चक्रवर्ती की जांच ग्रामीण विकास मंत्रालय से कराई जानी चाहिए तभी इनके द्वारा किए गए कारनामों से उठेगा पर्दा***

ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 के तहत अकुशल मजदूरों से मनरेगा और नरेगा में श्रमिकों को रोजगार दिया जाता है बहरहाल रोजगार सहायक मीना चक्रवर्ती के द्वारा पूर्व में मनरेगा में भी फर्जी हाजिरी लगाई गई और वर्तमान में भी अपने निजी स्वार्थ हेतु संबंधितों को लाभ पहुंचा रही है। जो इस तरह की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में है रोजगार सहायक मीना चक्रवर्ती के ऊपर ऐसा प्रतीत होता है कि कार्यवाही की तलवार जरूर लटकेगी।

***जहां-जहां पदस्थ रहीं रोजगार सहायक मीना चक्रवर्ती वहां जमकर सुर्खियां बटोरीं***

रोजगार सहायक मीना चक्रवर्ती के कारनामे किसी से छिपे नहीं है यह जगजाहिर है जिस पंचायत में मैडम पदस्थ रही उस पंचायत में जमकर शासन की राशि की होली खेली गई एवं तरह-तरह के कामों के नाम से रूपयों का गमन किया गया। लिहाजा सूत्रों ने बताया कि रोजगार सहायक मैडम मीना चक्रवर्ती इतनी होशियारी से कार्य करती है कि अधिकारी भी समझ नहीं सकते और अगर समझ जाते हैं तो अधिकारियों को ही अपनी बातों में उलझा देती हैं।सूत्रों के द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत बरियारपुर में रहते हुए रोजगार सहायक के द्वारा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को अपनी निजी योजना समझकर अपने स्वार्थ हेतु फर्जी हाजिरी भरकर और फर्जी बिल लगाकर स्वयं राशि का आहरण कर लेती है। और मोहतरमा शासन को कई लाखों रुपयों का चूना लगाने से परहेज नहीं करती इसके बाद भी मैडम के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। जिनकी जांच होना अति आवश्यक है।

***जिला पंचायत,जनपद पंचायत नहीं बल्कि संभागायुक्त करें जांच तब उनके कारनामों की खुलेगी पोल और उनके द्वारा किए गए कारनामों से उठेगा पर्दा***

ग्राम पंचायत बरियारपुर में रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ मीना चक्रवर्ती को जनता की सेवा के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्त किया गया है,और प्रशिक्षण में इनको जनता की सेवा और कार्य कौशल के विषय में दक्ष किया जाता है लेकिन योजना में भ्रष्टाचार की मोहर कार्य करने नहीं देती योजना में अनियमितता को लेकर अलग से कर्मचारियों की नियुक्ति कर ली जाती है ताकि कभी लोकायुक्त मे ना फस सके। मोहतरमा के कार्यकाल की जांच उच्च स्तरीय अधिकारी संभागायुक्त को करनी चाहिए और साथ ही साथ ई.ओ.डब्ल्यू की जांच होना भी जरूरी है ताकि संपत्ति से उठेगा पर्दा जब मानदेय सीमित है तो इनके पास इतनी संपत्ति आखिर कहां से आई जो संदेह के घेरे में है। सरकार की योजनाओं और जनता के पैसे को अपनी जेब में रखकर चंद दिनों के अंदर मोहतरमा लखपति बन गई आखिर कैसे मैडम ने कम मानदेय मिलने के बाद भी कम समय में ग्राम पंचायत बरियारपुर में एक बड़ा आलीशान नवनिर्माण भवन का निर्माण कार्य कराया गया जो जांच का विषय है।संबंधितों को चाहिए कि इनकी जांच कराई जाए ताकि उनके जो बैंक बैलेंस और और अन्य गोपनीय चीजें हैं उनसे पर्दा उठ सके। समाचार प्रकाशन के बाद देखना यह है कि इनके ऊपर जिले में बैठे उच्च अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं।

## क्षतिग्रस्त सड़क देख तुरंत सुधार कराने महापौर ने दिए निर्देश माधव नगर कैम्प का जायज़ा लेने पहुंची महापौर प्रीति सूरी ने जनता से संवाद कर जानी समस्याएं

परिहार गर्जना कटनी -महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा इन दिनों सक्रियता के साथ शहर के विभिन्न वार्डों व गलियों में पहुँचकर जनता के बीच जनता की समस्याओं को सुनते



हुए प्राथमिकता के आधार पर समस्या का हल निकाल जनसेवा हेतु तत्परता के साथ कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 20 जून गुरुवार को महापौर श्रीमती सूरी ने आचार्य कृपलानी एवं संत कंवरराम वार्ड का निरीक्षण किया। उक्त निरीक्षण में संबंधित पार्षद व स्थानीय जनों के द्वारा सिंधु भवन के सामने निर्माणाधीन रोड का निरीक्षण कर संबंधित उपयंत्री एवं ठेकेदार को कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये साथ ही वार्ड में नाला साफ़ किए जाने के भी निर्देशित किया। इसके उपरांत संत कंवरराम वार्ड में कायाकल्प के अन्तर्गत निर्माण की गई रोड का निरीक्षण किया गया जिसने सड़क निर्माण के दौरान् बेरीकेट हटा कर बड़े वाहन के चलने से कुछ जगह क्षतिग्रस्त सड़क पायी गई। जिसको देखते हुए महापौर द्वारा संबंधित ठेकेदार को सड़क मरम्मत करवाने के निर्देश दिये। इस दौरान वार्ड पार्षद गोविंद चावला,एमआईसी सदस्य सुभाष साहू,डॉ रमेश सोनी,शशिकांत तिवारी,पार्षद सीमा श्रीवास्तव, प्र सहा.यंत्री अनिल जायसवाल, उप यंत्री जे पी बघेल,पवन श्रीवास्तव, संजय मिश्रा,ठेकेदार दीपू जायसवाल सहित स्थानीय जनों की उपस्थिति रही।

## स्कूल चले हम कलेक्टर श्री प्रसाद में भविष्य को भेंट कार्यक्रम के तहत देवरा खुर्द के छात्रों से किया संवाद,कलेक्टर ने छात्रों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने दिए टिप्स

परिहार गर्जना कटनी - सच्ची लगन और कठिन परिश्रम से परीक्षा मे बेहतर परिणाम अर्जित किया जा सकता है। यह बात गुरूवार को स्कूल चलें हम अभियान के तहत देवरा खुर्द के शासकीय स्कूल पहुंचे कलेक्टर श्री प्रसाद ने छात्रों से भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत कक्षा में संवाद के दौरान कही। कलेक्टर श्री प्रसाद ने देवरा खुर्द स्कूल के कक्षा आठवीं और कक्षा नवमीं के छात्र-छात्राओं से अपने लक्ष्य को निर्धारण कर सौ फीसदी सर्वश्रेष्ठ योगदान देकर वांछित और बेहतर परिणाम हासिल करने के टिप्स दिये। कलेक्टर श्री प्रसाद ने छात्रों को बताया कि छात्र जीवन हर किसी के जीवन का स्वर्णिम समय होता है जो आपके भविष्य की राह निर्धारित करने मे सहायक होता है। कलेक्टर ने छात्रों को समझाईश दिया कि वास्तव में छात्र जीवन ही वह नींव है जिसमें आप अपने भविष्य को गढ़ने और संवारनें के संकल्प के साथ आगे बढते है। उन्होंने छात्रों से परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने के लिए अभी से पढ़ाई मे कड़ी मेहनत करने के कार्य मे जुटने के लिए प्रेरित किया।कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है।आप सब पाठ्यक्रम के अनुरूप अभी से ही ईमानदारी से परीक्षा की तैयारियों में जुट जायें।

## पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के बेहतरीन प्रयासों से कटनी जिला सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में कटनी पुलिस प्रदेश में दूसरे पायदान पर, एसपी ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की

परिहार गर्जना कटनी -मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की प्राथमिकता वाले कार्य सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण के मामले में कटनी जिला पुलिस बल ने एक बार फिर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रदेश भर के जिलों को पीछे छोड़ते हुए




टॉप 2 जिलों में जगह बनाई है। कटनी पुलिस बल को यह सफलता पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के सतत प्रयासों से प्राप्त हुई है। जिला पुलिस बल द्वारा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए टॉप 2 में स्थान बनाने पर पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उन्हें इसी तरह भविष्य में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। आपको बता दें कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण में कटनी पुलिस बल ने 1 मई से 31 मई तक की अवधि के दौरान प्राप्त हुई 556 शिकायतों में बेहतरीन कार्य करते हुए 88.5 कुल वेटेज स्कोर प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीरंजन द्वारा स्वयं समस्त थाना प्रभारी चौकी प्रभारी एवं अनुविभागीय राजपत्रित पुलिस अधिकारियों को समय-समय पर मार्गदर्शित करते हुए कैंप लगाकर शिकायतों का त्वरित वैधानिक एवं संतुष्टि पूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए जा रहे थे जिसके फल स्वरुप जिला पुलिस बल ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए यह स्थान प्राप्त किया है।

# खजुराहो के सौंदर्यकरण में आने वाली हर बधाओ को दूर किया जाएगा - विधायक अरविंद पटेरिया

## खजुराहो के तालाब को मूल स्वरुप में लाने का प्रयास - जिला कलेक्टर संदीप जीआर





**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। पर्यटन नगरी खजुराहो के पुरानी बस्ती स्थित चंदेल कालीन ननोरा तालाब के सौंदर्यकरण में आ रही विभिन्न बधाओ को देखते हुए आज राजनगर क्षेत्र के विधायक अरविंद पटेरिया एवं जिला कलेक्टर संदीप जी आर पहुंचे और निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किये ।

अमृत योजना के तहत खजुराहो के ननोरा तालाब का कायाकल्प किया जा रहा है जिसके तहत नगर परिषद के अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी एवं सीएमओ बसंत चतुर्वेदी के प्रयासों से लगातार तालाब में उत्खनन कार्य करके गहरीकरण किया जा रहा है एवं चारों तरफ से बंधान बनाकर स्ट्रीट लाइट, पाथ- वे सहित विभिन्न सुविधाओं को प्रदान कर पर्यटन की दृष्टिकोण से आकर्षण प्रदान करने का कार्य नगर परिषद खजुराहो के द्वारा किया जा रहा है ।

राजनगर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अरविंद पटेरिया आज मौका स्थल पर पहुंचे जिन्होंने यहां निरीक्षण करते हुए कुछ जरूरी दिशा निर्देश भी प्रदान किये, साथ ही आपने कहा कि खजुराहो की सौंदर्यकरण में आने वाली हर बधाओ को दूर किया जाएगा खासतौर से खजुराहो के ननौरा तालाब में अतिक्रमण सहित कई और अन्य समस्याएं जो आ रही हैं जिसके तहत कार्य में लगातार बाधा उत्पन्न हो रही थी इस संदर्भ में आपने स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी तरह की कोई लापरवाही एवं ज्यादती सहन नहीं की जाएगी एवं जो भी तत्व बाधक बनेंगे उनका सामना करते हुए हमें खजुराहो का सौंदर्य करण हो तालाब का विस्तार हो, लोगों को सुविधा मिले इसको मद्देनजर रखते हुए खजुराहो का विकास करना है, आपने कहा स्थानीय जनों की जन भावनाओं का ख्याल रखते हुए एवं पानी की महत्वता को समझते हुए खजुराहो के इस अति प्राचीन ननोरा तालाब को गहरीकरण करके इसे सुंदर बनाया जाएगा ।

जिला कलेक्टर संदीप जी आर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा की खजुराहो के ननौरा तालाब के मूल स्वरूप को हम लाने का प्रयास करेंगे एवं चंदेल कालीन इस ऐतिहासिक तालाब की महत्ता को समझते हुए इसका विस्तार किया जाएगा, आपने कहा की यही स्थानीय जनों की भी सोच है तथा इसमें आने वाली सभी बाधाओं को लीगल तरीके से दूर किया जाएगा । इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी, प्रभारी तहसीलदार धीरज गौतम , सीएमओ बसंत चतुर्वेदी, सदर पटवारी राममिलन पाल, पार्षद गौरव सिंह बघेल सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# चेतावनी देने के बाद बाजार में अतिक्रमण हटाने पहुंचा प्रशासनिक अमला

## अधिकांश व्यापारियों ने पहले समेटा सामान, बंद रहीं कई दुकानें

छतरपुर। गत 16 जून को तहसील कार्यालय में व्यापारियों के साथ बैठक कर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें निर्देश दिए गए थे कि 20 जून तक वे स्वतः अपना अतिक्रमण हटा लें अन्यथा प्रशासन सख्ती से अतिक्रमण हटाएगा। इसी चेतावनी के बाद शुक्रवार की सुबह नगर पालिका, यातायात, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बस स्टैंड के फब्बारा चौक से महल तिराहा तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।



इस दौरान ज्यादातर व्यापारियों द्वारा स्वयं ही अपना सामान समेट लिया था, वहीं कुछ व्यापारियों ने कार्रवाई के दौरान अपने प्रतिष्ठान बंद भी रखे। इसके अलावा जिन दुकानों के बाहर सामान रखकर अतिक्रमण किया गया था, उनका सामान जब्त किया गया और स्थाई अतिक्रमण को तोड़ने की कार्रवाई की गई।

***जहां पैदल चलना था मुश्किल, वहां से निकली एसडीएम की कार***

कार्रवाई के दौरान सबसे चौंकाने वाले हालात चौक बाजार स्थित रामगली बजरिया में देखने को मिले। दरअसल रामगली बजरिया शहर का वह स्थान है जहां लोगों को अतिक्रमण के कारण पैदल चलने में भी तकलीफ होती है लेकिन कार्रवाई के दौरान यह पूरा इलाका अतिक्रमण से मुक्त नजर आया, यहां तक कि एसडीएम ने अपनी कार में सवार होकर रामगली बजरिया का भ्रमण किया और उनकी कार को कहीं पर भी निकलने में दिक्कत नहीं हुई। इस दौरान कुछ व्यापारियों के साथ अतिक्रमण हटाने वाली टीम की हल्की नोंक-झोंक भी देखने को मिली। व्यापारियों द्वारा टीम के ऊपर भेदभावपूर्ण कर्रवाई करने के आरोप लगाए जा रहे थे। फब्बारा चौकी से शुरु हुई यह कार्रवाई मऊ दरवाजा, हटवारा, चौक बाजार, बजरिया होते हुए महल तिराहे तक की गई। कार्रवाई में एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार रंजना यादव, सीएमओ माधुरी शर्मा, यातायात प्रभारी वृहस्पति साकेत, कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर सहित नगर पालिका, यातायात, पुलिस और राजस्व विभाग का अमला मौजूद रहा।

***कार्रवाई के बाद चंद घंटों में फिर फैला अतिक्रमण***

गौरतलब है कि व्यापारियों को इस कार्रवाई की जानकारी पहले से होने के कारण उनके द्वारा स्वयं ही अतिक्रमण हटा लिया गया था लेकिन जैसे ही कार्रवाई करने वाली टीम यहां से रवाना हुई वैसे ही व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानों के बाहर फिर से सामान रखकर अतिक्रमण कर लिया। कार्रवाई के चंद घंटों बाद ही बाजार में हालात पहले जैसे नजर आए। जिस रामगली बजरिया में सुबह के समय एसडीएम का चार पहिया वाहन गुजरा था वहीं दोपहर के वक्त एक बार फिर लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया। व्यापारियों की यह चालाकी दिन भर शहर में चर्चा का विषय बनी रही और लोगों ने अतिक्रमण हटाने की इस मुहिम को प्रतिदिन चलाने तथा ऐसे व्यापारियों को चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई करने का सुझाव प्रशासन को दिया।

# सुमति एकेडमी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

छतरपुर। शहर के सुमति एकेडमी विद्यालय में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने एक साथ योग किया।

योग एक प्रकार का शारीरिक एवं मानसिक व्यायाम है। योग में अनुलोम, विलोम, कपालभाँति, बज्रासन, नटराजआसन, त्रिकोण आसन इत्यादि आसनों पर अभ्यास किया। योग के द्वारा व्यक्ति मन, शरीर और आत्मा में सामंजस्य लाने का प्रयास करता है। यह केवल शारीरिक आसनों से कही अधिक है। क्योंकि यह स्वास्थ्य के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण भी लाता है जो श्वास, व्यायाम, ध्यान और नैतिक सिद्धांतों को एकीकृत करता है।




# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर भाजपा ने जिले भर में मनाया योगा दिवस

छतरपुर। अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर जिला भाजपा द्वारा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह के नेतृत्व में जिले के सभी मंडल स्तर योगाभ्यास करते हुए योगा दिवस मनाया गया।



छतरपुर में डीसेंट इंग्लिश स्कूल पर जिला भाजपा द्वारा योगा अभ्यास किया गया जिसमें पूर्व विधायक उमेश शुक्ला वरिष्ठ नेता जय राम चतुर्वेदी जी जिला महामंत्री सुरेंद्र चौरसिया योगा दिवस कार्यक्रम के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अशोक दुवे जिला मंत्री श्रीमती कमलेश राय अरविन्द त्रिपाठी अरविन्द बुन्देला पार्षद सुशील सोनी दिनेश मिश्रा काजू कुशवाहा संदीप पांडे जी डी सी पाठक अमित गोस्वामी सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी गण स्कूल के शिक्षक गण एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# सरपंच पति की दबंगई से परेशान होकर सचिव ने कलेक्टर और जिला सीईओ को दिया शिकायती आवेदन

**राकेश सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। लवकुशनगर। जनपद पंचायत गौरिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहा के सरपंच पति राजकुमार कुशवाहा के द्वारा दबंगई करने का मामला सामने आया है जिसको लेकर सचिव और उप सरपंच ने सरपंच पति के ऊपर आरोप लगाते हुआ जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को एक शिकायती आवेदन दिया और जिसमें बताया कि ग्राम सभा की बैठक भी सरपंच पति के द्वारा संचालित की जाती है और भी पंचायत से संबंधित जो भी कार्य हैं वह सरपंच पति ही खुद करते हैं वहा पर पदस्त ग्राम सचिव अमर सिंह अहिरवार ने ग्राम की सरपंच हीरामणि कुशवाहा पर आरोप लगाते हुए कहा है ग्राम पंचायत कार्यालय से संबंधित रिकॉर्ड भी सरपंच अपने घर ले गई हैं से मुझे जनता के कार्यों एवं शासकीय कार्यों में कार्य करने में समस्या हो रही है। और सरपंच पति के द्वारा मेरे से फर्जी मस्टर चलाने गलत कार्य करने का भी दबाव बनाया जाता है। जिसको लेकर के जनपद सीईओ गौरिहार को आवेदन सौंपा है। सचिव के द्वारा बताया गया है कि बरहा सरपंच के द्वारा ग्राम पंचायत भवन से रिकॉर्ड जैसे निर्माण कार्य की फाइल मांप पुस्तिका एसटीएस एवं ग्राम पंचायत का आधा सामान और एचपी का प्रिंटर एवं लाउडस्पीकर अपने घर ले जाकर रख लिया है और सचिव के लिए अपशब्द भाषा का भी प्रयोग किया जाता है और शिकायती आवेदन में यह भी लेख किया है कि कोई भी घटना होती है तो उसकी जिम्मेदार ग्राम सरपंच होगी।



***इनका कहना है***

मुझे मामले की जानकारी नहीं है अगर मेरे पास शिकायत आती है तो जांच करवाई जायेगी। **गौरिहार सीईओ गोविंद सिंह**

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321